ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 09 नवम्बर 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 246

पाकिस्तान में क्वेटा रेलवे स्टेशन पर सुसाइड अटैक:धमाके में 26 लोगों की मौत, इनमें 14 सैनिक; बलूच लिबरेशन आर्मी ने जिम्मेदारी ली



24 न्यूज अपडेट

इस्लामाबाद. पाकिस्तान के क्वेटा रेलवे स्टेशन पर शनिवार सुबह ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हो गई। धमाके में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हमले की जिम्मेदारी मिलिटेंट ग्रुप बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने ली है।

BLA प्रवक्ता ने कहा कि आत्मघाती हमले को मजीद ब्रिगेड यूनिट ने अंजाम दिया। उनका निशाना मिलिटेंट इन्फैंट्री स्कूल के सैनिक थे, जो कोर्स पूरा कर जाफर एक्सप्रेस से पेशावर जाने वाले थे।

अधिकारियों ने बताया कि कई घायल यात्रियों की मौत अस्पताल में हुई। क्वेटा सिविल हॉस्पिटल के प्रवक्ता वसीम बैग ने पाकिस्तानी अखबार द डॉन को बताया कि मारे गए लोगों में 14 आर्मी जवान और 12 आम नागरिक हैं।

उधर, अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इस हमले के पीछे BLA है। उन्होंने कहा कि शुरुआती जांच में यह एक सुसाइड ब्लास्ट लग रहा है।

प्लेटफॉर्म पर भीड़ थी, ट्रेन आने से पहले ब्लास्ट

पाकिस्तानी न्यूज वेबसाइट ट्रिब्यून एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक जाफर एक्सप्रेस के प्लेटफॉर्म पर पहुंचने से ठीक पहले यह हादसा हुआ। क्वेटा के एक सीनियर पुलिस अफसर ने कहा कि ट्रेन को 9 बजे पेशावर के लिए रवाना होना था। हादसे के वक्त यात्री ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ब्लास्ट के वक्त प्लेटफॉर्म पर 100 से ज्यादा लोग थे। कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि धमाका बुकिंग ऑफिस के पास हुआ।

BLA ने पुल उड़ाया था, डेढ़ महीने बाद शुरू हुई थी ट्रेन

26 अगस्त को BLA ने रेलवे पुल को ब्लास्ट से उड़ा दिया था। इसके बाद क्वेटा और पेशावर के बीच रेल सेवा बंद हो गई थी। करीब डेढ़ महीने बाद 11 अक्टूबर से दोबारा दोनों शहरों के बीच ट्रेन सर्विस शुरू की गई थी। आज 9 नवंबर को क्वेटा से पेशावर जाने वाली ट्रेन के आने से पहले रेलवे स्टेशन पर ब्लास्ट कर दिया गया।

पाकिस्तान PM बोले- दोषियों को नहीं बख्शेंगे

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने घटना के बाद इमरजेंसी मीटिंग बुलाई और तुरंत जांच का आदेश दिया।

ब्लास्ट के बाद घायलों को क्वेटा के सिविल अस्पताल ले जाया गया है। अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। संकट से निपटने के लिए दूसरे अस्पतालों से भी डॉक्टर और नर्स बुलाए गए हैं। अस्पताल के मुताबिक फिलहाल 46 लोगों का इलाज हो रहा है।

लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का बड़ा नेता था:बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद मर्डर करने का प्लान था; पुलिस ने पिस्तौल बरामद की



24 न्यूज अपडेट

पुणे.NCP नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेने वाले लॉरेंस गैंग के निशाने पर पुणे का एक बड़ा नेता भी था। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस बात का खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच के मुताबिक लॉरेंस गैंग ने अपने शूटर्स को इस नेता की हत्या करने की जिम्मेदारी दी थी। मुंबई क्राइम ब्रांच ने बताया कि बाबा सिद्दीकी को मारने के लिए लॉरेंस गैंग ने प्लान B बनाया गया था। जिन शूटर्स को इस प्लान B में शामिल किया गया था, उन्हें बाबा सिद्दीकी के मर्डर के बाद पुणे के नेता को मारने की जिम्मेदारी दी गई थी क्राइम ब्रांच ने बताया कि इस साजिश का पर्दाफाश तब हुआ जब उन्हें वह पिस्तौल बरामद हुई, जिससे इस हत्या को अंजाम दिया जाना था। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि आरोपियों ने इस नेता की रेकी की थी या नहीं। हालांकि, पुलिस ने नेता के नाम का खुलासा नहीं किया गया है।

पुलिस ने सिद्दीक मर्डर केस से जुड़े एक और आरोपी को गिरफ्तार किया

बाबा सिद्दीकी मर्डर केस में क्राइम ब्रांच ने शुक्रवार को एक शूटर को गिरफ्तार किया। इस आरोपी शूटर का नाम गौरव विलास अपुने (23) है। गौरव विलास बाबा सिद्दीकी की हत्या के प्लान B का हिस्सा था।

क्राइम ब्रांच ने बताया कि सिद्दीकी की हत्या के मास्टरमाइंड शुभम लोनकर ने 28 जुलाई को आरोपी गौरव को एक और आरोपी रूपेश मोहोल के साथ फायरिंग की प्रैक्टिस करने झारखंड भेजा था।

उन्हें हथियार भी दिए गए थे। दोनों आरोपी 29 जुलाई को पुणे लौट आए थे। लौटने के बाद उन्होंने शुभम से कॉन्टैक्ट किया था। क्राइम ब्रांच फायरिंग प्रैक्टिस की सटीक जगह का पता लगा रही है।

पुलिस का दावा- आरोपियों को 25 लाख रुपए, दुबई ट्रिप का वादा किया गया था

शुक्रवार को पुलिस ने बताया कि मर्डर को अंजाम देने के लिए गिरफ्तार 18 आरोपियों में से 4 आरोपियों को 25 लाख रुपए कैश, कार, फ्लैट और दुबई ट्रिपकई इनाम देने का वादा किया गया था। साजिश में शामिल रामफूलचंद कनौजिया (43) ने रूपेश मोहोल (22), शिवम कुहड़ (20), करण साल्वे (19) और गौरव अपुने (23) को ये इनाम देने का वादा किया था। 12 अक्टूबर की रात NCP अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की बांद्रा बेटे जीशान के ऑफिस के बाहर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी कांग्रेस के टिकट पर 3 बार बांद्रा से विधायक बने थे। फरवरी में कांग्रेस छोड़कर अजित पवार के साथ जुड़े थे।

मोदी बोले-हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक कांग्रेस के शाही परिवार के ATM:चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन तीन राज्यों में डबल हो गई है



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार दूसरे दिन रैली की। उन्होंने शनिवार को अकोला में एक बार फिर 'एक हैं तो सेफ हैं' का नारा दिया। इससे पहले 8 नवंबर को नासिक और धुले की रैली में भी उन्होंने यह नारा लगाया था।

आज अकोला की रैली में PM के निशाने पर एक बार फिर कांग्रेस ही रही। उद्धव ठाकरे और शरद पवार के बारे में एक शब्द नहीं बोला। उन्होंने कहा- जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 की वापसी की मांग हो रही है। कांग्रेस और उसके सहयोगी इसका समर्थन करते हैं। पाकिस्तान भी यही चाहता है।

PM ने कहा- कांग्रेस की सरकार जिस राज्य में बन जाती है, वह राज्य शाही परिवार (गांधी परिवार) के लिए ATM बन जाता है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक सरकार का जिक्र किया। कहा- चुनाव महाराष्ट्र में है और वसूली इन राज्यों में डबल हो गई है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि चुनाव जीतने के बाद क्या लूट होगी।

1. राम मंदिर पर मोदी बोले- एक बार फिर महायुति के लिए आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज 9 नवंबर है, ये तारीख बहुत ऐतिहासिक है। आज ही के दिन 2019 में देश की सर्वोच्च अदालत ने राम मंदिर पर फैसला दिया था। 9 नवंबर की तारीख इसलिए भी याद की जाएगी कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद हर धर्म के लोगों ने संवेदनशीलता का परिचय दिया। ये राष्ट्र प्रथम की भावना है। PM ने जय श्री राम का नारा भी लगाया।

2. एक हैं तो सेफ हैं पर मोदी बोले- कांग्रेस अच्छी तरह जानती है, जितना देश कमजोर होगा, उतना ही वे मजबूत होंगे। जब कांग्रेस मजबूत होगी, देश मजबूर होगा। कांग्रेस विभिन्न जातियों के बीच विभाजन पैदा करती है। इसने हमारी जातियों को कभी एकजुट नहीं होने दिया। अगर हमारी जातियां एकजुट नहीं रहेंगी और एक-दूसरे के साथ संघर्ष करती रहेंगी, तो कांग्रेस इसका फायदा उठाएगी। आपको सचेत रहना होगा। याद रखें, 'एक हैं तो सेफ हैं।'

उलेमा बोर्ड की मुसलमानों को 10% आरक्षण की मांग:चुनाव में महाविकास अघाड़ी के सामने समर्थन की 17 शर्तें रखीं; कहा- RSS पर बैन लगे



24 न्यूज अपडेट

मुंबई. महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में ऑल इंडिया उलेमा बोर्ड (AIUB) ने महाविकास अघाड़ी (MVA) को समर्थन देने के लिए मुस्लिमों को 10 फीसदी आरक्षण, RSS पर बैन जैसी 17 शर्तें रखी हैं। बोर्ड ने 7 नवंबर को NCP (SP) चीफ शरद पवार, शिवसेना (UBT) चीफ उद्धव ठाकरे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले को चिट्ठी लिखी।

चिट्ठी में उलेमा बोर्ड ने कहा है कि अगर महाराष्ट्र में MVA की सरकार बनती है तो वे वक्फ बिल का विरोध करें। साथ ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) पर बैन लगाएं। बोर्ड ने महाराष्ट्र में मुस्लिमों के लिए 10% आरक्षण और मुस्लिमों के खिलाफ बयान देने वाले भाजपा विधायक नीतिश राणे जैसे नेताओं पर कार्रवाई की मांग की है। उधर, भाजपा ने धर्म आधारित आरक्षण की मांग पर आपत्ति जताई। सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'संविधान के तहत धर्म आधारित आरक्षण की अनुमति नहीं है। महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले जमीयत उलेमा-ए-हिंद से कैसे कहते हैं कि वे मुसलमानों के लिए 10% आरक्षण की उनकी मांग पर विचार करेंगे।' महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटों पर सिंगल फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। भाजपा ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी सीटें छोटे दलों को दी हैं।

संपादकीय : नाहक पाबंदी

कनाडा ने एक बार फिर भारत को उकसाने वाली हरकत की है। यह समझना मुश्किल है कि कनाडा को भारत से आखिर खुन्नस किस बात की है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनकी आस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी बेंग ने एक आस्ट्रेलियाई टीवी चैनल पर संयुक्त प्रेस वार्ता की थी। कनाडा ने उस चैनल पर ही पाबंदी लगा दी। कनाडा के लोग उस वार्ता को देख नहीं पाए इसलिए कि जयशंकर ने कनाडा के साथ तल्ख रिश्तों को लेकर पूछे गए सवालों का कड़ा जवाब दिया था । विचित्र है कि एक तरफ तो कनाडा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की दुहाई देता है, दूसरी तरफ वह भारत का पक्ष रोकने का ऐसा प्रयास करता देखा जा रहा है। अगर भारतीय विदेश मंत्री की किसी बात पर उसे एतराज था, वह उस पर प्रतिक्रिया देता। उसकी इस हरकत पर स्वाभाविक ही चौतरफा निंदा हो रही है। भारत से बेशक उसके तनावपूर्ण संबंध हों, पर आस्ट्रेलिया तो उसका करीबी है। आस्ट्रेलियाई चैनल के साथ उसका बर्ताव हैरान करने वाला है। भारत से कनाडा की तकरार इस बात को लेकर है कि उसके मुताबिक निज्जर की हत्या में भारतीय अधिकारियों का हाथ था। हालांकि यह बात वह अब तक साबित नहीं कर सका है। भारत बार - बार सबूत मांगता है कि कनाडा निज्जर हत्या मामले से संबंधित सबूत पेश करे, मगर वह कोई ठोस सबूत पेश करने के बजाय सार्वजनिक मंचों से एक के बाद एक आरोप लगाता रहा है। पहले उसने भारतीय खुफिया एजेंसियों पर दोष मढ़ा, फिर भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों को शक के दायरे में डाल दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत ने अपने राजनयिकों को वहां से वापस बुला लिया और कनाडा के राजनयिकों को वापस भेज दिया। फिर उसने इस मामले का आरोप भारत के गृहमंत्री पर भी मढ़ दिया। यही नहीं, भारत को साइबर सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले देशों की सूची में डाल दिया। जबकि छिपी बात नहीं है कि कनाडा खुद भारत में अलगाववादी खालिस्तान समर्थकों को पनाह दिए हुए है। वे वहां भारत विरोधी गतिविधियां चलाते हैं और भारत के बार-बार कहने के बावजूद कनाडा उन पर नकेल कसने की कोशिश नहीं करता । दिवाली के मौके पर पटन के एक मंदिर में जिस तरह खालिस्तान समर्थकों ने उपद्रव किया, उसमें वहां की पुलिस ने उपद्रवियों को संरक्षण दिया। इन हरकतों से जाहिर है कि कनाडा बेवजह भारत से रार मोल ले रहा है। कनाडा के साथ भारत के बहुत पुराने और मधुर संबंध रहे हैं, मगर जस्टिन ट्रुडो ने निज्जर हत्या मामले को कुछ ज्यादा ही तूल देकर उस रिश्ते को मटियामेट कर दिया है। अपेक्षा तो यह थी कि जस्टिन ट्रुडो प्रशासन भारत की चिंताओं को गंभीरता से लेता और अपने यहां पनाह पाई अलगाववादी ताकतों से निपटने का प्रयास करता। मगर उसने उन्हें न केवल बेलगाम छोड़े रखा, बल्कि उनके पक्ष में भी खड़ा रहा। सब जानते हैं कि जस्टिन ट्रुडो इस आशंका से घबराए हुए हैं कि आने वाले चुनाव में उन्हें करारी शिकस्त मिलने वाली है। मूल कनाडाई लोगों की नाराजगी की भरपाई करने के लिए वे भारतीय मूल के कनाडाई नागरिकों को अपने पाले में खींचने का प्रयास कर रहे हैं। मग ब्रैंपटन मंदिर में हुए हंगामे के बाद वह आधार भी खिसकता नजर आने लगा है।

आतंक के सामने

जम्मू-कश्मीर में आतंकी संगठन सुनियोजित रणनीति के साथ काम करते हैं। मुश्किल है कि कुछ नई परिस्थितियां बनने के बाद जब भी इस समस्या के खत्म होने या उस पर काबू पाने की उम्मीद बंधती है, तो आतंकी कोई न कोई ऐसी हरकत कर देते हैं कि इस पर नए सिरे से काम करने की जरूरत पड़ जाती है। गौरतलब है कि किश्तवाड़ जिले के ऊपरी इलाके में आतंकवादियों ने दो ग्राम रक्षा गार्ड की गोली मार कर हत्या कर दी। खबरों के मुताबिक, पाकिस्तानी ठिकानों से संचालित आतंकी संगठन जैश-ए- मोहम्मद से जुड़े 'कश्मीर टाइगर्स' ने इन हत्याओं की जिम्मेदारी ली है। दरअसल, कश्मीर के हित का दावा करने वाले आतंकी संगठनों का असली मकसद भारत और जम्मू- -कश्मीर में आतंकवाद का माहौल बनाए रख कर अपने पाकिस्तानी आकाओं के सियासी हित को पूरा करना है । भारत ने इस हकीकत को ध्यान में रखते हुए हर स्तर पर आतंकवाद का खात्मा करने के लिए अभियान चलाया है। ताजा घटना में बारामूला में सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। अब गृहमंत्री ने जल्दी आतंक- निरोधक राष्ट्रीय नीति लाने की बात कही है। पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग जिलों में सुरक्षा बलों या अप्रवासी मजदूरों पर लक्षित हमलों के जरिए चुनौती दी जा रही है। खासकर जम्मू- कश्मीर में सरकार बनने के बाद ऐसी घटनाओं में तेजी आई है। साफ है कि ऐसे लगातार हमलों के पीछे इससे उपजी हताशा काम कर रही है कि आतंकवाद की सियासत के बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों की शांति की इच्छा और उसके लिए सक्रियता को कम नहीं किया जा सका है। इसका उदाहरण वहां हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद गठित सरकार है, जिसमें वहां के आम लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की । आतंकवाद को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल करने वाले संगठनों और उनके पीछे खड़ी कतों के लिए यह निश्चित रूप से परेशान करने वाली बात थी। अब स्पष्ट है कि आतंकी हमलों में आम लोगों की जिस तरह हत्याएं की जा रही हैं, वह उसी से उपजी हताशा का नतीजा है।

लेकसिटी में थाईलैण्ड की युवती पर फायरिंग, आरोपी फरार, पसलियों में धंसी गोली





24 न्यूज अपडेट

लेकसिटी उदयपुर में शनिवार सुबह थाइलैण्ड की एक युवती को सरेआम गोली मारी गई। गोली उसके बाएं हाथ के नीचे पसलियों में जाकर फंस गई। इस युवती के साथ तीन लड़के थे जो उसे कार में लेकर पेसिफिक हॉस्पिटल गए और वहां से उसे एम्बुलेंस में एमबी अस्पताल लाया गया। इस बीच युवक भाग निकले। यहां युवती का ऑपरेशन कर गोली निकाली जा रही है। एसपी योगेश गोयल ने बताया कि 24 साल की इस युवती का नाम मिस थाई थेम चुक है। वह थाईलैंड की रहने वाली है। युवती नशे में थी और पूछताछ में सहयोग नहीं कर रही है। वह पांच दिन से अपने दोस्त के साथ माली कॉलोनी स्थित होटल वीर पैलेस में ठहरी हुई है। दोस्त से भी पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज और युवती के मोबाइल को खंगाला जा रहा है। युवती रात को डेढ़ बजे किन लोगों के साथ गई थी। कौन लोग उसे हॉस्पिटल छोड़कर गए। यह जांच की जा रही है।युवती की महिला दोस्त ने बताया कि दोनों ने होटल में रात साढ़े 8 बजे खाना खाया था। डेढ़ बजे के करीब वह अपनी किसी दोस्त के साथ जाने की कहकर होटल से निकल गई थी।

आईफोन में सिम डालते ही पकड़ा गया आरोपी



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। जिले के आनंदपुरी थाना क्षेत्र में चार महीने पहले राहगीर के साथ लूट के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है तथा घटना में काम में ली गई मोटरसाइकिल तथा राहगीर से लूटा हुआ आईफोन बरामद कर लिया है। थानाधिकारी कपिल पाटीदार ने कहा कि 29 जून को सुनील पुत्र अमृतलाल पटेल निवासी आनंदपुरी ने रिपोर्ट दी कि बीती रात को वह अपने छोटे भाई रॉयल निनामा पुत्र लीलाराम के साथ स्कूटी से अरथूना की ओर जा रहे थे। कांगड़िया पुल पर कुछ अज्ञात लोगों ने अचानक उन पर पत्थर मारे जिससे नीचे गिर गया। उसके बाद अज्ञात लोग पास आए व अचानक धमकाते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। जेब में रखा आईफोन मोबाइल लूट लिया और स्कूटी की चाबी लेकर भाग छूटे। इसके बाद वह मदद के लिए गुहार लगाता रहा। इस बीच वहां से जा रहे एक राजगीर ने रॉयल को सीएससी आनंदपुरी तक पहुंचाया। इस मामले में जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाल, एएसपी डॉ. राजेश भारद्वाज के निर्देश पर वृत्ताधिकारी बागीदौरा संदीप सिंह शक्तावत के सुपरविजन में थाना अधिकारी कपिल पाटीदार के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम बनाई गई। इन टीमों ने इससे पहले हुई लूट व चोरी के मामले में चालान हो चुके अपराधियों से पूछताछ की तो जगह-जगह मुखबीर सक्रिय किए। मोबाइल के डेटा व लोकेशन को प्राप्त करके विश्लेषण किया गया तो पता चला कि रॉयल से लूटे हुए मोबाइल से भमरिया निवासी सुरेश पुत्र राजेंद्र पटेल के नाम से चल रही एक सिम कुछ समय के लिए एक्टिव हुई थी। यह क्लू पुलिस के लिए काफी था और उसी आधार पर सुरेश की सरगर्मी से तलाश अंरभ हो गई। पुलिस के डर से सुरेश गुजरात भाग गया। इस बार दीपावली पर सुरेश घर आया जिसके आते ही मुखबीर से जानकारी मिल गई। पुलिस दल ने उसको घर से दबोच लिया। पूछताछ की गई तो उसने अपने साथी हरीश पुत्र लक्ष्मण डामोर निवासी छोटी की बस्सी के साथ में मिल कर लूट की घटना को करना स्वीकार कर लिया। इस पर हरीश उर्फ दादू डामोर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। सुरेश के कब्जे से बिना नंबर की मोटरसाइकिल एवं हरीश से चुराया गया आईफोन बरामद हो गया। पुलिस टीम में थानाधिकारी कपिल पाटीदार, एएसआई जितेन्द्र व रतनलाल, हैड कानि. भरत लबाना, देवीलाल व उदयसिंह, कानि. आशीष पाटीदार, महिपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार, अभिमन्यु सिंह व चालक कानि. भरत कुमार शामिल रहे।

उमावि वरड़ा में हुई विशेष शनिवारिय सभा, एआई के जमाने में अपडेट होना बड़ा जरूरी - लड्ढा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 9 नवंबर। वास्तुकार व स्केच आर्टिस्ट सुनील लड्ढा ने कहा है कि एआई के इस जमाने में हर किसी को अपडेट होना बड़ा जरूरी है वरना हम तकनीकी दृष्टि से निरक्षर साबित होंगे। लड्ढा शनिवार को शिक्षा, कला और संस्कृति संरक्षण को समर्पित कश्ती फाउंडेशन के बैनर तले शहर के समीपस्थ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वरड़ा में विशेष शनिवारिय सभा व संवाद सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने विद्यार्थियों को एआई के सकारात्मक पक्षों, स्केचिंग और वास्तुशिल्प की बारीकियों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी और विद्यार्थियों को अपने भीतर छिपी कला को उजागर करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए कला क्षेत्र में कॅरियर बनाने का आह्वान किया। इस विशेष संवाद सत्र में बतौर सोशल मीडिया एक्सपर्ट संदीप राठौड़ ने सोशल मीडिया के विविध आयामों के बारे में जानकारी दी और कहा कि आज सोशल मीडिया के सहारे व्यक्ति एक छोटे से गांव में रहकर भी संपूर्ण विश्व में पहुंच स्थापित कर सकता है। उन्होंने सोशल मीडिया में अकाउंट बनाने और इसके शिक्षा में सकारात्मक उपयोग करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर चित्रकार राहुल माली ने विद्यार्थियों को स्केचिंग करने और पोट्रेट बनाने में बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया और कहा कि हर विद्यार्थी प्रतिदिन कम से कम एक चित्र बनाने का अभ्यास अवश्य करें तभी उसके कला कौशल में निखार आएगा। इस दौरान राहुल ने कई विद्यार्थियों के पोट्रेट भी बनाए। विद्यालय के सृजनधर्मी शिक्षक व प्रस्तर शिल्पकार हेमंत जोशी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में भी कला कौशल छिपा हुआ है, बस उन्हें इस तरह से विभिन्न ख्यातनाम कलाकारों के साथ संवाद के माध्यम से प्रोत्साहित किए जाने की जरूरत है। उन्होंने कश्ती फाउंडेशन के तत्वावधान में सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों के लिए आयोजित हो रही विभिन्न सृजनात्मक गतिविधियों की भी सराहना की और इसे बच्चों के कैरियर निर्माण का अनोखा अवसर बताया।

आरंभ में विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोहरलाल सुथार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

वीडियो में लहराई प्लास्टिक की पिस्टल, 3 युवक गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

राजसमंद। नकली हथियारों के साथ वीडियो बनाना तीन युवकों को बहुत भारी पड़ गया। जब पुलिस की नजर वीडियो पर पड़ी व धरे गए तो गिड़गिड़ाकर थाने में माफी मांगते हुए नजर आए। 6 महीने पुराने वीडियो के मामले में अब ये धरे गए हैं, कांकरोली पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इनका वीडियो तो पुराना है लेकिन हाल ही में वायरल हो गया। पुलिस को नकली हथियार के साथ वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में तीनों को पकडने में सफलता मिली। पुलिस को जांच के दौरान बताया गया कि यह वीडियो कार के पीछे बैठे निखिल खटीक व ललित रेगर ने बनाया है। आगे की सीट पर जिशान मोहम्मद था। पुलिस ने पूछताछ की तो युवकों ने कहा कि पोस्ट 5 से 6 माह पहले की है। पिस्टल नकली थी जो प्लास्टिक से बनी थी। उसको फेंक दिया है। उनके ही किसी मिलने वाले ने यह वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी बिछडी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को सलूम्बर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी शांता मीणा के समर्थन में प्रचार प्रसार किया और मीणा को भारी मतो से जीताने की अपील की। इससे पहले दिया कुमारी के महाराणा प्रताप एयरपोर्ट पर उतरने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। दिया कुमारी महाराणा प्रताप एयरपोर्ट से सडक मार्ग से रवाना होकर वाया कुराबड होकर सलूम्बर पहुंची। एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत बिछडी मुख्यालय पर भाजपा देबारी मंडल और बिछडी के भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान स्वागतकर्ता में कई महिला कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कार्यकताओं ने भाजपा जिंदाबाद के साथ नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। सभी कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का माला और उपरना ओडाकर स्वागत किया। साथ ही देबारी मंडल अध्यक्ष दूल्हे सिंह देवडा, बिछडी के पूर्व सरपंच कमल सिंह सहित कई कार्यकर्ताओं ने दिया कुमारी को महाराणा प्रताप का मोमेंटो भेंट किया। यहां पर कुछ देर रूकने के बाद दिया कुमारी जावद गांव के लिए रवाना हो गई जहां पर दिया कुमारी ने भाजपा प्रत्याशी शांता मीणा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया साथ ही सलूम्बर में रोड शो किया। स्वागत के दौरान देबारी मंडल के पदाधिकारियों के साथ ग्राम पंचायत बिछडी की सरपंच धर्मी बाई, सरपंच प्रतिनिधि धर्मा गमेती, उपसरपंच लोकेश पालीवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष नंदलाल वेद, अल्पसंख्यक मोर्चे के देबारी मंडल अध्यक्ष शाकिर खान, मेघराज डांगी, देवेन्द्र सिंह झाला, शम्भु सिंह झाला, दिलीप टांक, जगदीश टांक सहित कई लोग मौजूद थे।

उदयसागर प्रीमियर लीग सीजन 2 का आगाज आज, चार टीमों के बीच होगा मुकाबला

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ग्राम पंचायत बिछडी के उदयसागर चौराहे पर रविवार को उदयसागर प्रीमियर लीग सीजन 2 का आगाज होगा। एक दिवसीय प्रतियोगिता में चार टीमों के बीच मुकाबला होगा। प्रतियोगिता के आयोजक टीम के सदस्य देवेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि यह प्रतियोगिता गत वर्ष शुरू हुई थी। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाडियों को एकजुट रखना हैं। शाकिर खान ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी मैच लीग आधार पर होगें और चारों टीमों में से टॉप दो टीमों के बीच फाइनल मुकाबला होगा। विजेन्द्र नाथ ने बताया कि प्रतियोगिता के सभी लीग मैच सात ओवर के होगें व फाइनल मुकाबला 8 ओवर का खेला जाएगा। भगवान प्रजापत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार को सुबह आठ बजे होगा और फाइनल मुकाबला शाम चार बजे खेला जाएगा। इसके बाद विजेता और उपविजेता टीमों को पारितोषिक प्रदान किए जाएगें।

शनिदेव को 56 भोग के नेवैद्य धराए



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर 9 नवंबर। श्री स्वामी चतुर्भुज हनुमान धाम इंद्रप्रस्थ हरिदास जी की मगरी परिसर में शनिदेव जी को 56 भोग के नैवेद धाराएं गए। महंत इंद्रदेव दास ने बताया कि अभिजीत मुहूर्त 12.15 बजे 108 नारियल के खोपरे से हवन किया गया तत्पश्चात शनिदेव जी को सरसों तेल से अभिषेक कर चांदी के वर्क से भव्य श्रृंगार धारण कराकर शाम 5: बजे शनि शीला के सम्मुख शनि खिचड़ी विभिन्न प्रकार के मिठाइयों फल सूखे मेवे सहित 56 प्रकार के भोग धराकर शाम 6:15 बजे 101 दीपकों से भव्य महा आरती उतारी गई। इसके बाद भक्तों की महाप्रसादी हुई। 10 नवंबर रविवार को बोल भैरव जी के सम्मुख 56 व्यंजनों का नैवेद्य अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही सोमवार को श्री शिव-शक्ति पीठ एवं बुधवार को श्री विघ्नहर्ता गजानंद जी महाराज के सम्मुख 56 भोग का आयोजन होगा। इस मौके पर लक्ष्मी देवी अग्रवाल, महंत नारायण दास वैष्णव गिरिजा शंकर शर्मा विक्रम वैष्णव आशा शर्मा एवं हेमकर माही श्याम लाल यादव रामसागर साहनी सहित भक्त उपस्थित थे।

फोन ऑन करते ही मिली ब्यूटिशियन के हत्यारे की लोकेशन:मुंबई से नेपाल जा रहा था, स्टेशन पर पुलिस को देख भागा, बाइक से पीछा कर पकड़ा

24 न्यूज अपडेट



जोधपुर. जोधपुर ब्यूटीशियन मर्डर केस का मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन के पास से गफ्फार नाम की फर्जी ID मिली है। पुलिस उसे मुंबई से गिरफ्तार करके कल यानी 8 नवंबर की रात को जोधपुर ले आई है। उससे और पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार रात जोधपुर डीसीपी वेस्ट राजर्षि राज वर्मा ने बताया- गुलामुद्दीन वारदात के बाद अहमदाबाद होते हुए मुंबई भाग गया था। इरादा था बिहार की ट्रेन पकड़ कर नेपाल के रास्ते देश छोड़ने का। पुलिस को उसकी लोकेशन मुंबई में मिल चुकी थी। लेकिन वह फोन ऑन नहीं कर रहा था। मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जैसे ही उनके फोन ऑन किया। पुलिस टीम उसे दबोचने दौड़ी। स्टेशन पर पुलिस देख वह भागा तो CI शफीक खान ने बाइक से पीछा कर दबोच लिया।

जोधपुर में 26 अक्टूबर को सरदारपुरा इलाके में ब्यूटी पार्लर चलाने वाली अनीता चौधरी (50) का मर्डर कर दिया गया था। आरोपी गुलामुद्दीन की पत्नी आबेदा ने हत्या का खुलासा कर दिया था। इसके बाद पति गुलामुद्दीन फरार हो गया था। 30 अक्टूबर को अनीता की लाश 6 टुकड़ों में बोरों में 10 फीट गहरे गड्ढे में मिली थी। अनीता की हत्या के बाद से 31 अक्टूबर से परिजन धरने पर बैठे हैं। पुलिस का कॉल आते ही जोधपुर से भागा डीसीपी वेस्ट ने बताया- अनीता 26 अक्टूबर को सरदारपुरा से ऑटो में बैठकर गंगाणा इलाके में स्थित गुलामुद्दीन के घर गई थी। ऑटो ड्राइवर से पुलिस ने गुलामुद्दीन के घर का पता लगाया। गुलामुद्दीन को कॉल किया तो वह घबरा गया और जोधपुर रेलवे स्टेशन से बैग खरीदकर जैन ट्रैवल्स की बस से अहमदाबाद चला गया। अहमदाबाद से ट्रेन से मुंबई पहुंचा और अगल-अगल लौज में ठहरकर दिन बिताए। वहां उसने हर जगह गफ्फार नाम की आईडी दी थी। 7 नवंबर को वह ट्रेन से बिहार जाने वाला था। 6 और 7 नवंबर की रात वह मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर ही सोया।

हरियाणा में यौन शोषण केस में SDM गिरफ्तार:मसाज के लिए बुलाए व्यक्ति से गनपॉइंट पर गलत काम कराया

24 न्यूज अपडेट



हिसार. हरियाणा में HCS अधिकारी कुलभूषण बंसल को पुलिस ने शनिवार (9 नवंबर) को हिसार से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सिविल अस्पताल में बंसल का मेडिकल कराया है। इसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया।

कुलभूषण बंसल पर दलित व्यक्ति ने यौन शोषण के आरोप लगाए थे। व्यक्ति का आरोप था कि अधिकारी ने गन पॉइंट पर उससे प्राइवेट पार्ट पर मसाज कराई। उसने SC आयोग, CM विंडो, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश को लिखित शिकायत भेजकर अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद हांसी में SDM पद पर तैनात कुलभूषण बंसल को 7 नवंबर को सस्पेंड कर दिया गया। साथ ही हिसार के सिविल लाइन में उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया। एक दिन पहले शुक्रवार को पुलिस ने कोर्ट में पीड़ित के बयान दर्ज कराए। इसके बाद पुलिस ने हांसी में बंसल के घर पहुंचकर जांच की। पीड़ित के बयान और सबूतों के आधार पर आज DSP सुनील कुमार ने बंसल की गिरफ्तारी की। हांसी में SDM के पद पर तैनात रहे HCS अधिकारी कुलभूषण बंसल पर दलित समाज के व्यक्ति ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। पीड़ित ने बताया कि वह मसाज करने का काम करता है। आरोपी अधिकारी ने मसाज करवाने के बहाने प्राइवेट पार्ट में मसाज करवाई और विरोध करने पर पिस्तौल से डराया। पीड़ित ने एक वीडियो भी उच्च अधिकारियों को भेजा है, जिसमें अधिकारी उसके साथ गलत काम करता हुआ दिख रहा है।

पीड़ित ने शिकायत में कहा कि विरोध करने पर अधिकारी उसे नौकरी से निकालने और जान से मारने की धमकी भी देता है। इस कारण वह काफी परेशान हो चुका है। हरियाणा सरकार इस मामले में एक्टिव हो गई है और इस पूरे मामले की रिपोर्ट गुप्तचर विभाग के माध्यम से मंगवाई। इसके बाद यह कार्रवाई की गई।

"प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" में आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवम्बर



24 न्यूज अपडेट

जयपुर । भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना "प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के पायलट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 में राज्य 4527 युवाओं को देश की नामचीन 500 कंपनियों में इंटर्नशिप कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आगामी 10 नवम्बर है। है उक्त योजना हेतु 21 से 24 वर्ष के 10वीं, 12वी, आई०टी०आई० प्रमाण पत्र, डिप्लोमा धारक एवं स्नातक युवा जो कि पूर्ण कालीन शिक्षा अथव पूर्ण कालीन रोजगार में नहीं हैं, आवेदन कर सकते है। एन.के. गुप्ता, निदेशक, प्रशिक्षण ने बताया कि आवेदक के परिवार के किसी भी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक नहीं हो एवं नियमित राजकीय सेवा में नहीं होना चाहिए। चयनित युवाओं को एक वर्ष की इंटर्नशिप अवधि में 5000 रूपए प्रतिमाह स्टाईपेंड एवं 6000 रूपए एकमुश्त अनुदान प्राप्त होगा। रजिस्ट्रेशन करने के लिए pminternship.mca.gov.in पर लॉगिन कर सकते है।

राजस्थानी गीतों पर जमकर नाचे जयपुर मेयर-IAS अफसर:RAS अफसर भी कई घंटे तक थिरके; महापौर ने जीता प्राइज, अधिकारियों की टीम हारी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर हेरिटेज मेयर और वहां के अधिकारियों ने हरियाणवी और बॉलीवुड सॉन्ग पर जमकर डांस किया। मौका था जयपुर स्थापना दिवस (18 नवंबर) को लेकर हुए अंताक्षरी कार्यक्रम का। कार्यक्रम में IAS, RAS, मेयर और पार्षद शामिल हुए। अंताक्षरी कार्यक्रम के दौरान सभी ने गाने गाए और डांस किया। दरअसल, जयपुर नगर निगम हेरिटेज जयपुर स्थापना दिवस की 297वीं वर्षगांठ मना रहा है। इस मौके पर 18 अक्टूबर से 18 नवंबर तक अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

अंताक्षरी के लिए पार्षदों और अधिकारियों की दो टीम बनाई गईं। इसमें पार्षदों की टीम का नाम छबीले और अधिकारियों की टीम का नाम रंगीले था। इस कार्यक्रम में पार्षदों की टीम की अगुवाई मेयर कुसुम यादव ने की। अधिकारियों की टीम की अगुवाई नगर निगम के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी मोतीलाल वर्मा ने की।

गौ राष्ट्र माता घोषित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। शिव शंकर गौशाला मे गोपाष्टमी सचिव शालीनी राजावत के नेतृत्व धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में गौ माता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने हेतु अभियान का शुभारंभ भाजपा आपदा राहत एवं सहयोग विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ जिनेन्द्र शास्त्री के नेतृत्व मे किया गया। डीवाईएसपी रतन सिंह राजपुरोहित ने प्रेरक उद्बोधन में गौ माता की तन मन धन से सेवा करने का आह्वान किया। संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत विद्वत परिषद प्रमुख डॉ रेनू पालीवाल ने गोपाष्टमी पर्व और गौ माता की महिमा पर मार्मिक प्रवचन दिया। गीताव्रती सन्तोष दीदी ने शिव कथा सुनाकर नंदी की महिमा चित्रित की। इस्कॉन मंदिर के आचार्य और कृष्ण भक्तों ने मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में कीर्तन में गौ भक्त झूम उठे। मिडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि गोपाष्टमी पर्व पर बछड़े सहित गाय को स्नान करवा कर तिलक लगा कर किया गया। गायों के मेहन्दी, रोली हल्दी के थापे लगाये गए और गायों को सजाया गया। और धूप, दीप, फुल माला,अक्षत, रोली, गुड़ , जलेबी, वस्त्र और जल से गौमाता की पूजा की गई और आरती की गई।गौ ग्रास व गुड़ खिला कर गौमाता की परिक्रमा की गई। गौ पालकों के चरण में धोकर तिलक लगाकर, उपरणा ओढ़ाकर रतन सिंह राजपुरोहित द्वारा वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया। फिर गायों के साथ कुछ दूर तक गौपालक चलें। अन्नकूट का आयोजन किया गया। गोपाष्टमी पर गौमाता की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि व खुशहाली आती हैं। मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण और बलराम जी ने गायों को चराने का कार्य प्रारंभ किया था। संचालन डॉ भूपेंद्र शर्मा ने किया।

रोड शो : सलूंबर को जिला बनाने के सवाल पर सकपकाई दीया कुमारी

रिपोट : कमलेश झड़ोला, जर्नलिस्ट, 24 न्यूज अपडेट



24न्यूज अपडेट

आज सलूंबर भगवा रंग में रग गया। जोशीले देशभक्ति गीतों के बीच पार्टी के लहराते हुए झंडे, फूलों की बारिश, जोशीले नारे और राजसी तामझाम ने लोगों को खूब लुभाया। वोटर ने आज सलूंबर में भाजपा का शक्ति प्रदर्शन देखा। हंसती-मुस्कुराती मुख मुद्रा में जब उप मुख्यमंत्री दीया कुमार रोड शो पर निकलीं तो लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जैसे-जैसे रोड शो आगे बढ़ता गया, लोगों का हुजूम उमड़ता गया। कुछ लोग पार्टी का शक्ति प्रदर्शन देखने को आए तो कुछ दीया कुमारी को देखने। दीया कुमारी ने ट्वेंटी फोर न्यूज अपडेट से बात करते हुए कहा कि अमृतलाल मीणा जी के सपनों को साकार करना है। लेकिन दीया कुमारी सलूंबर को जिला बनाने के सवाल को बड़ी ही सफाई के साथ टाल गई। इससे यह सवाल उठ गया कि क्या सलूंबर को वास्तव में जिला बनाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कोई स्पष्ट राय नहीं है। क्या उनके नेताओं को आला कमान का यह संदेश है कि जिले के सवाल पर चुप रहना है या फिर सवाल को गोल करते हुए टाल देना है। यदि आने वाले दो दिनों में भाजपा ने इसका सटीक जवाब नहीं दिया तो उसे चुनाव में यह सवाल भारी पड़ सकता है। आने वाले दिनों में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कांग्रेस की ओर से अशोक गहलोत और गोविंदसिंह डोटासरा सहित अन्य बड़े नेताओं के आने का प्लान है। याने सलूंबर की जनता के लिए अगले दो दिन पॉलिटिकल देवताओं के दर्शन वाले रहेंगे जो उनसे हाथ जोड़ कर वोट मांगेंगे।

गुरूर का इंजनः डबल इंजन का हाथ थामते ही सरकारी कर्मचारियों पर उठा दिए हाथ, बोला- मालवीया का आदमी हूं, कैसे काट रहे हो कनेक्शन



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.बांसवाड़ा। डबल इंजन का हाथ क्या थाम लिया, नेताजी को गुरूर आ गया कि सब गलत और सही ढंक दिया जाएगा जैसा कि आजकल सब जगह होता दिख रहा है। दबंगई दिखाते हुए भाजपा नेता ने सरकारी कर्मचारियों को कूट दिया। वो पानी का कनेक्शन काटने आए थे, बिल जमा नहीं था। इसका अभियान चल रहा है इन दिनों। बताया गया कि बांसवाड़ा शहर में हाल ही में कांग्रेस से भाजपा का दामन थामने वाले एक नेता की दबंगई का वीडियो वायरल हो गया। इसमें जलदाय विभाग की रेवेन्यू वसूली के लिए आए कनिष्ठ अभियंता हरीश को कूटा जा रहा है। हरीश खुद हरि मोहन मीणा और अन्य कार्मिकों के साथ रेवेन्यू वसूल करने आए थे। मोचीवाड़ा में जिनके बिल जमा नहीं थे उनके कनेक्शन काट दिए गए। इस दौरान जिसने भी कहा कि मोहलत दीजिए एक दो दिन की तो उनको दे दी गई व छोड दिया गया। कनिष्ठ अभियंता हरीश ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि - हम कार्यवाही करते हुए आगे बढ़े और पुराना बस स्टैंड के पास आदिनाथ टेलीकॉम पहुंचे। दुकान के मालिक विकेश मेहता मौजूद नहीं थे। कार्मिकों ने मेहता का नंबर दिया और उन्हें बकाया वसूली के लिए कहा। इस पर मेहता साहब बोले कि मैं तो मालवीया का आदमी हूं, कनेक्शन कैसे काट सकते हो। इस पर कहा गया कि भाई साहब, जो बकाया है, वो जमा कर दो। कुछ देर बाद विकेश मेहता तैश में आए और आते ही अपना भाजपा वाला गुरूर दिखना शुरू कर दिया, हरिमोहन मीणा के साथ मारपीट शुरू कर दी। मेहता साहब ने कांग्रेस छोड़कर हाल ही में भाजपा जॉइन की है। शायद उनको डबल इंजन की सरकार का गुमान है। मेहता मारपीट के बाद अधिकारी को जबरन दुकान के अंदर ले गए और वहां भी कूट दिया। मीणा के खून बहने लगा और शर्ट फट गया। लोगों ने वीडियो बना लिया और मेहता साहब की करतूत सबके सामने आ गई। अब मामला राजतालाब थाने में चला गया है। प्रकरण दर्ज हुआ है। राज तालाब थानाधिकारी दिलीप सिंह ने कहा कि राजकीय कार्य में बाधा और एसटीएएसी एक्ट में मामला दर्ज हुआ हैं। विकेश मेहता भी हैं जोरदार पॉलिटिशियन, पहले वो कांग्रेस में थे तो पूर्व सीएम अशोक गहलोत के करीबी थे। भाजपा सरकार बनने के बाद भाजपा का दामन थाम लिया। उनको लगता है कि राजनीति के रसूख के चलते किसी को भी कूटा जा सकता है। अब देखना ये है कि मालवीयाजी का नाम आने के बाद भाजपा वाले कितना साथ देते हैं और कैसे मामले को मैनेज करते हैं।

आग में जिंदा जला युवक

24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट.राजसमंद। राजसमंद में घर में आग लगने से वहां पर सो रहा युवक जिंदा जल गया। युवक सूरत में एक दुकान पर जॉब करता था। आग से कमरे की पट्टियां टूटकर नीचे गिर गई। खमनोर इलाके के सिरोही की भागल गांव में शुक्रवार रात 10.30 बजे यह घटना हुई है। युवक 7 दिन पहले ही घर पर लौटा था। थानाधिकारी कमलेंद्र सिंह ने बताया कि लोकेश सिंह (26) की जलने से मौत हो गई। लोकेश सिंह के पिता के गांव में दो मकान है, जिसमें एक में परिवार के अन्य सदस्य थे,



जबकि दूसरे में लोकेश था। दो मंजिला मकान में चार कमरे है। तीन कमरों में मवेशियों का चारा भरा है। एक कमरे में लोकेश सिंह था। आग से कमरों की पट्टियां टूट गई, जिससे ऊपर की मंजिल में मवेशियों का चारा राख हो गया।एक घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया।

बहन की मौत से गुस्साए साले ने लव मैरिज करने वाले जीजा पर चालाए चाकू



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर के एमबी चिकित्सालय की मोर्चरी में आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान मृतका के परिजनों और उसके पति के बीच में कहां सोने के बाद चाकू बाजी की घटना हो गई। बताया जा रहा है कि मृतका के भाई ने अपने ही जीजा के ऊपर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुराबड निवासी भावना आमेटा ने एक साल पहले कपिल लोहार नामक व्यक्ति से लव मैरिज की थी। इस बात से मृतका भावना के परिवार वाले नाराज थे। शादी की 1 साल बाद गर्भवती होने पर भावना को आज उसका पति उदयपुर की एमबी चिकित्सालय में इलाज के लिए लाया। यहां पर इलाज के दौरान भावना की तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। भावना के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया। आज जब उसके शव का पोस्टमार्टम हो रहा था तब भावना के भाई गिरीश व ललित और अन्य परिजन मोर्चरी में मौजूद थे। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच में भावना की मौत को लेकर जबर्दस्त कहासुनी हो गई। भावना के छोटे भाई गिरीश ने अचानक चाकू निकाल कर अपने जीजा कपिल पर हमला कर दिया। हमले में उसके गंभीर चोट लगी है और इलाज के लिए तुरंत एमबी चिकित्सालय की इमरजेंसी में भर्ती करवाया गया है। चाकूवार के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। कपिल की मां माता शांति बाई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

रेडियंट एकेडमी (कॉमर्स डिवीजन) ने सी.ए. फाउण्डेशन सितम्बर 2024 में दिया श्रेष्ठ परिणाम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। द रेडियंट एकेडमी (कॉमर्स डिवीजन) के हेड सी.ए. अनीष अग्रवाल सर ने बताया की हाल ही में आए सी.ए. फाण्डेषन के रिजल्ट में इंस्ट्रीयूट का रिजल्ट 15 प्रतिषत रहा वहीं रेडिएंट एकेडमी का परिणाम 50 प्रतिषत रहा। रेडिएंट एकेडमी के उल्लेखनीय परिणामों में निम्न विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम रहा - यषस्वी पारेटा (304/400), श्रेयष मोदी (286/400), सोहम कपुर (284/400), अजय पानेरी (261/400), हिमांषी कुण्डलानी (244/400), निर्मल खण्डेलवाल (223/400) कनिष्का जैन (217/400), भव्या मित्तल (214/400) एवं व्याख्या रवलानी जागेटिया (206/400)। चयनित विद्यार्थी, यषस्वी पारेटा, अजय पानेरी, व हिमांषी कुण्डलानी ने बताया की रेडियंट एकेडमी की फेकल्टी, स्टडी मटेरियल एवं टेस्ट सीरिज की वजह से ही यह परिणाम संभव हो पाया है। अन्य चयनित विद्यार्थी कनिष्का जैन, व भव्या मित्तल ने अपनी सफलता का श्रेय फेकल्टी टीम के नोट्स व पर्सनल गाइडेन्स को दिया। इस परिणाम के अवसर पर एमडीएस स्कूल के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र सोमानी एवं शिक्षक सी.ए. अनीश अग्रवाल, डॉ. शक्ति सिंह, सी.ए. प्रिया कटारिया, जुबिन जैन, सी.एस श्रेया दवे, मिलन रेही एवं दिव्या जैन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी व आगामी सी.ए. इंटर परीक्षा की सफलता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

शाही सैलानियों के आगे नतमस्तक हुआ प्रशासन, 4 घंटे सू-सू तक नहीं करने दिया

24 न्यूज अपडेट



24 न्यूज अपडेट. चित्तौड़गढ़। वीआईपी सैलानियों के आगे देसी सैलानियों व रेलगाड़ी से यात्रा करने वालों को परेशान किया गया। 35 पर्यटकों के साथ पैलेस ऑन व्हील्स जब चित्तौड़गढ़ आई तो उनको लग्जरी बसों से चित्तौड़गढ़ दुर्ग ले जाया गया। विदेशी पर्यटकों के कारण प्रशासन की ओर से टॉयलेट्स के बाहर कर्मचारियों को चार घंटे तक खड़ा रखा ताकि देसी पर्यटक वहां सू-सू करने ना जा पाएं व विदेशियों के सामने डेकोरम खराब न हो जाए। वीआईपी के लिए टॉयलेट्स पर पहरे की सब तरफ आलोचना हो रही है। खास तौर पर जिला प्रशासन की जिसने गत दिनों वीआईपी के चक्कर में दुर्ग की व्यवस्थाएं दुरूस्त कर दी व मगर आमजन को हो रही परेशानी की ओर ध्यान नहीं दिया। अब सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या दुर्ग विदेशी पर्यटकों की सुविधा के लिए ही है। केवल 34 यात्रियों के लिए सबको टॉयलेट तक नहीं जाने देना कहां की समझदारी है। इतनी ही चिंता है तो अव्वल तो उनको यहां पर लाए ही नहीं, और अगर बहुत ज्यादा पैसा कमाना है तो उनके लिए दुर्ग में अलग से टॉयलेट बनवाए जा सकते हैं। पिछले हफ्ते शाही ट्रेन में ही आए पर्यटक चित्तौड़गढ़ दुर्ग में टॉयलेट्स गंदे पाकर नाराज हो गए थे। इसका नेगेटिव फीडबैक भी दिया। जिसके बाद पैलेस ऑन व्हील्स के डायरेक्टर और ओ एंड एम ऑपरेटर भगत सिंह ने जिला कलेक्टर आलोक रंजन, राजस्थान पुरातत्व विभाग को एक लेटर लिखकर इस मामले को उचित समय देने की बात कही थी। कलेक्टर के आदेश पर सभी टॉयलेट्स ठीक करवाए गए व वाहवाही लूटी गई। विदेशी पर्यटकों को टॉयलेट्स साफ मिलें, इसके चक्कर में लोकल पर्यटकों की ऐसी की तैसी कर दी गई। लोग वॉशरूम के बाहर मिन्नतें करते दिखाई दिए मगर नहीं जाने दिया गया।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।